रीडर्स ट्रैवलर अवार्ड-2021

चर्चा में क्यों?

16 दिसिंबर, 2021 को कोंडे नास्ट ट्रैवलर की ओर से प्रतिष्ठित रीडर्स ट्रैवलर अवार्ड-2021 की घोषणा की गई, जिसमें राजस्थान राज्य को फेवरेट इंडियन स्टेट फॉर रोड ट्रिप के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा 'फेवरेट लीजर डेस्टीनेशन' इन इंडिया श्रेणी में भी राजस्थान को उपविजेता घोषित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- खूबसूरत, भव्य और गौरवशाली प्रदेश राजस्थान को सड़क यात्रा के ज़रिये देखने तथा अनुभव करने के रोमांचकारी एवं आनंददायी अहसास के लिये रोड ट्रिप हेतु पसंदीदा भारतीय राज्य चुना गया है।
- देश का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान अपने में कई आकर्षण और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत समेटे हुए है। यहाँ की मेहमाननवाज़ प्रकृति यहाँ आने वाले मेहमानों को सुखद प्रवास और यात्रा का आश्वासन देती है। यही कारण है कि इसे रेटिंग में देश के पसंदीदा अवकाश गंतव्यों की श्रेणी में शुमार किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि कोंडे नास्ट ट्रैवलर नौ अलग-अलग अंतर्राष्ट्रीय संस्करणों के साथ एक प्रमुख यात्रा पत्रिका है। इसके द्वारा ट्रैवलर रीडर्स चॉइस अवार्ड्स स्वीपस्टेक अवधि के दौरान रेटिंग जमा करने वाले लाखों उत्तरदाताओं के परिणामों के सारणीकरण के बाद घोषित किये जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/reader-traveler-award-2021